**बुधवार**
31 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
**सेहत के लिए काफी फायदेमंद है चना**



पृष्ठ 5
**2 सितंबर को हॉटस्टार पर आएगी अक्षय कुमार की कठपुतली**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 204
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अपनी भूल अपने ही हाथों से सुधर जाए तो यह उससे कहीं अच्छा है कि कोई दूसरा उसे सुधारे।

— प्रेमचंद

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## दिल्ली तक पहुंची भर्ती घोटालों की गूंज

# चौटाला और लालू की राह पर उत्तराखंडी नेता

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में सामने आये भर्ती घोटालों ने राज्य की राजनीति में ही भूचाल नहीं ला दिया है। इन भर्ती घोटालों को लेकर राज्य के युवा बेरोजगारों में भी सूबे के नेताओं के आचरण को लेकर भारी आक्रोश है तथा इन घोटालों की गूंज अब दिल्ली दरबार तक पहुंच चुकी है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इस पर गहरी नाराजगी जताई है।

संविधान सम्मत ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता से काम करने की शपथ लेने वाले सूबे के नेताओं का जो चित्र और चरित्र भर्ती घोटालों में उभरकर सामने आया है उससे जन भावनाओं को भारी धक्का लगा लगा है लेकिन उससे ज्यादा हैरानी इस बात को लेकर है कि यह नेता पूरी निर्लज्जता के साथ अपने आप को सही ठहरा रहे हैं और एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर यह कह रहे हैं कि ऐसा तो उनकी सरकार के कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने अगर अपने परिजनों व नाते रिश्तेदारों को नौकरी दे दी तो कौन सा पाप कर दिया यह तो उनका संवैधानिक अधिकार है। दिल्ली से मिल रही खबरों के अनुसार भाजपा हाईकमान इस बात को लेकर नाराज है। सवाल यह नहीं है कांग्रेसी सरकार या नेताओं ने क्या किया सवाल यह है कि भाजपा नेताओं ने क्या किया और ऐसा क्यों किया? खबर यह भी है कि इससे पार्टी की छवि को जो नुकसान हुआ है उसका डैमेज कंट्रोल कैसे संभव है? इस पर भी मंथन हो रहा है।

**●हाईकमान के निशाने पर कई भाजपा नेता**
**●सूबे के नेताओं के प्रति युवा बेरोजगारों में भारी आक्रोश**
**●सीबीआई जांच की तो सफेदपोश भी आएंगे लपेटे में**

राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा आम है कि यह भर्ती घोटालों का तूफान आसानी से शांत होने वाला नहीं है इस तूफान में कई बड़े-बड़े राजनीति के वटवृक्ष धराशाही हो जाएंगे। भर्ती घोटालों की यह आग कितनी फैलती है? और इस आग में कितने नेताओं और अधिकारियों के हाथ झुलसते हैं यह तो समय ही बताएगा लेकिन ऐसा जरूर प्रतीत होता है कि हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की राह पर चलने वाले सूबे के नेताओं का हश्र भी अच्छा नहीं रहने वाला है।

उल्लेखनीय है कि ओपी चौटाला को भर्ती घोटाले में 10 साल की सजा हुई थी उनके ऊपर 1999-2000 में राज्य में 3000 से अधिक जूनियर बेसिक शिक्षकों की अवैध तरीके से भर्ती कराने का आरोप था। हरियाणा के तत्कालीन डायरेक्टर बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव शुक्ला ने उनके खिलाफ रिट दायर की थी। सीबीआई कोर्ट से उन्हें व उनके बेटे को 10-10 साल की सजा सुनाई गई थी जिसे हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# देहरादून, नैनीताल व चंपावत में अगले 3 दिन भारी बारिश



**❑मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट**
**❑शासन-प्रशासन सावधानी बरतें**

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में बारिश का कहर अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग द्वारा आज आगामी 3 दिनों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी करते हुए सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह द्वारा आज मौसम के बारे में जारी ताजा अपडेट के अनुसार आगामी 3 दिनों में राज्य के 3 जिलों में जिसमें देहरादून, चंपावत और नैनीताल शामिल है भारी बारिश से भी भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इन 3 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि इस दौरान सरकार और जिला प्रशासन को सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग द्वारा केंद्र सरकार को इसकी सूचना भेज दी गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए सभी तीन जिलों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारी रखने और आपातकालीन किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार रहने को कहा गया है। जिला प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को भी सतर्क कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून काल में अनेक स्थानों पर बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के कारण बड़ा जान माल का नुकसान हुआ है तथा राज्य की सड़कों और पुलों को भारी क्षति पहुंची है। राज्य में भारी बारिश के कारण अभी सैकड़ों सड़कें बंद हैं तथा लोगों तक जरूरी सामान की सप्लाई तक नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने इस दौरान नदी नालों व खालों से दूर रहने की अपील की है।

# झारखंड में दलित समाज के लोगों को मारपीट कर गांव से भगाया, जंगल में रहने को मजबूर

नई दिल्ली । झारखंड के पलामू में दलित वर्ग के लगभग 50 लोग अपने गांव को छोड़कर जंगल में रहने को मजबूर हैं। दलित समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि उनके गांव से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मारपीट करके भगा दिया है। इस मामले पर राज्यपाल रमेश बैस ने रिपोर्ट भी मांगी है। झारखंड पुलिस ने बताया कि इस बारे में सूचना मिलने पर मेदिनीनगर के एसडीओ राजेश कुमार शाह और एसडीपीओ सुजीत कुमार मरुमातू गांव से एक किलोमीटर दूर टोंगरी पहाड़ी इलाके में पहुंचे और वहां कानून व्यवस्था बनाने के लिए डेरा डाले हुए हैं। पुलिस के अनुसार इस घटना के संबंध में 12 लोगों के खिलाफ नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ फौजदारी का मामला दर्ज किया गया है। राज भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार राज्यपाल ने पलामू के उपायुक्त ए दोड्डे से दो दिन के अंदर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। वहीं दोड्डे ने बताया कि पुलिस को तत्काल दोषियों को पकड़ने को कहा गया है। पीड़ित लोग मुसहर जाति से संबंध रखते हैं। ये लोग पिछले चार दशक से इस गांव में रह रहे थे। पीड़ित जितेंद्र मुसहर ने कहा, हम कई सालों से एक साथ गांव में रह रहे हैं, लेकिन सोमवार को लोगों ने हमारे घरों पर धावा बोला और जबरदस्ती गांव से बाहर निकाल दिया। उन्होंने हमारे सामान गाड़ियों में लादा और पास के जंगल में हमें छोड़ दिया।

# देश में 24 घंटे में दर्ज हुए कोरोना के 7231 नए मामले

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में दर्ज हुए कोरोना संक्रमण के मामलों में मंगलवार के मुकाबले मामूली उछाल हुआ है। बुधवार को देश में कोरोना वायरस के 7,231 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,44,28,393 हो गई, जबकि एक्टिव केस की संख्या घटकर 64,667 रह गई है। बीते दिन देश में कोविड-19 के 5,439 केस सामने आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 45 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,874 हो गई। इन 45 मामलों में वे 10 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण



से जान गंवाने वालों की सूची में डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या घटकर 64,667 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 1,065 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.67 प्रतिशत हो गई।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 2.05 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.55 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,38,35,852 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 212.39 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नशा कारोबार पर प्रहार जरूरी

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून अब क्राइम कैपिटल बनता जा रहा है ऐसा कोई भी अपराध नहीं है जिससे दून अछूता हो। हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती से लेकर ठगी तथा नकली नोटों की छपाई और चोरियों की वारदातों तक कुछ भी ऐसा नहीं है जो अपराध न हो रहा हो। इन तमाम आपराधिक वारदातों के पीछे नशे को एक बड़े कारण के रूप में देखा जाता रहा है। अलग राज्य बनने के बाद देहरादून में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। पुलिस प्रशासन और सरकार द्वारा नशा तस्करी को रोकने के अब तक जो भी दावे या प्रयास किए गए हैं वह ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए हैं। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि राजधानी के तमाम शैक्षणिक संस्थानों से लेकर होटल और हॉस्टलों तक नशा तस्कर अपनी मजबूत पकड़ बना चुके हैं। गली मोहल्लों और बस्तियों में धड़ल्ले से नशे का कारोबार चल रहा है। बीते कल पुलिस द्वारा आशा रोड़ी चेक पोस्ट पर एक कार से आ रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 70 ग्राम स्मैक, चोरी का मोबाइल फोन, साढ़े तीन लाख रुपए मिले। खास बात यह है कि यह युवक स्विगी और जोमैटो जैसी कंपनियों में फूड डिलीवरी बॉय का काम करने की आड़ में नशे की सप्लाई करते थे। धंधे का स्तर भी देखिए कि इस नशे के धंधे से उन्होंने इतना पैसा कमा लिया कि प्लॉट और महंगी बाइके तक खरीद ली। हालांकि इस तरह का खुलासा कोई पहली बार नहीं हुआ है पहले भी दून में कई नशा तस्कर ऐसे पकड़ जा चुके हैं जो हॉस्टल और पीजी में टिफिन कैरियर का काम किया करते थे और खाने के साथ-साथ छात्र छात्राओं व अन्य ग्राहकों को उनकी मांग पर उनकी पसंद का नशा भी सप्लाई करते थे। उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु हरियाणा, पंजाब और हिमाचल से भारी मात्रा में ड्रग्स की सप्लाई होती है। भले ही सीमा चौकियों पर इसे गाहे-बगाहे पकड़े जाने के समाचार आते रहते हैं लेकिन हजारों करोड़ का यह धंधा अविराम जारी है। नशे का यह धधां राजधानी और सूबे के बच्चों का भविष्य तबाह कर रहा है वही अपराधों का एक बड़ा कारण भी बना हुआ है। इस मुद्दे पर खुद संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अब बीते दिनों अधिकारियों की एक बैठक बुलाई थी जिसमें ड्रग्स कंट्रोलर विभाग व आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री ने नशा कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश देते हुए 2025 तक नशा मुक्त प्रदेश बनाने की कार्य योजना तैयार करने को कहा था। उन्होंने संबंधित विभागों की संयुक्त टास्क फोर्स के गठन की बात करते हुए कहा था कि जब तक सभी विभाग मिलकर इस पर काम नहीं करेंगे नशे का कारोबार नहीं रोका जा सकता है। यह अलग बात है कि अब तक इस बैठक के निष्कर्षों पर कोई काम नहीं हो सका है। डीजीपी अशोक कुमार ने भी ट्रास्क फोर्स द्वारा ड्रग्स की खेप पकड़े जाने वाले क्षेत्र के थाना व चौकी प्रभारियों को जिम्मेदार बनाते हुए उन पर कार्रवाई करने की बात कही थी। भले ही इस पर अभी अमल नहीं हो सका है लेकिन 2025 तक अगर राज्य को एक मॉडल राज्य बनाना है तो इस कार्य योजना को धरातल पर उतारे जाने की जरूरत है।

# यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जाँच की माँग को लेकर हाईकोर्ट में रिट दायर



देहरादून (सं)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय मे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपनेता सदन भुवन कापड़ी द्वारा एक रिट दायर की है जिसमे उन्होंने यूकेएसएसएससी यानी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में हुई भर्ती घोटाले की सीबीआई जाँच करवाने की माँग की गई है। रिट दायर करने के बाद उपनेता सदन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले ने प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा कर पूरे प्रदेश के साथ धोखा करा है। जिस तरह इस प्रकरण में जिला पंचायत अध्यक्ष हाकम सिंह का नाम आया है वो बताता है कि प्रदेश के कई बड़े नेता इसमें शामिल हो सकते है और इजकी निष्पक्ष जाँच जरूरी है और यह तभी संभव है जब इसकी जाँच सीबीआई करे।

# घर के बाहर खडा ट्रक चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडा अशोक लेलैंड (छोटा ट्रक) चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बहेलिया बस्ती निरंजनपुर निवासी यशपाल सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपना अशोक लेलैंड (छोटा ट्रक) घर के बाहर खडा किया था लेकिन सुबह उसने देखा कि उसका ट्रक अपने स्थान से गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# उत्तराखण्ड केवल एक पर्वतीय राज्य ही नहीं, यह हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग भी हैः सीएम धामी




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कार्यालय स्थित, मुख्य सेवक सदन में उत्तराखण्ड @ 25- आदर्श चम्पावत अन्तर्गत प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार भारत सरकार, हैस्को, यू-कॉस्ट एवं अन्य विषय विशेषज्ञों के साथ हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र' विचार मंथन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारत, सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, वैज्ञानिक सचिव प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. परविन्दर मैनी, डीजी यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड केवल एक पर्वतीय राज्य ही नहीं, यह हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग भी है। उत्तराखण्ड के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों के साथ विचारों की श्रृंखला बोधिसत्व कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके तहत नीति आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार एवं भारत सरकार के तत्कालीन प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. के विजय राघवन और कई प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड @ 25 की परिकल्पना की गई। 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि तब तक राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाया जाए। इसके लिए सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा केदारनाथ की भूमि में कहा था कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सबको अपना योगदान देना होगा। उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य बनाने के लिए चम्पावत जनपद को मॉडल जनपद के रूप में लिया गया है। चम्पावत जनपद में मैदानी, उच्च एवं मध्य हिमालयी क्षेत्र है। चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने के लिए यूकॉस्ट को नोडल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी के इस दौर में शोध, अनुसंधान और नवाचार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिले। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और सभी प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विज्ञान और तकनीक की मदद से क्षेत्र विशेष की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाओं के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि, बागवानी, पर्यटन ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। इकोनॉमी और ईकोलॉजी में समन्वय बनाकर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ ही जल संचय, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार से आग्रह किया कि उत्तराखण्ड में सेमीकंडक्टर तथा आर.सी. के निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए।

भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने कहा कि प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ऑफिस से हम कैटालिस्ट बनकर काम कर सकते हैं। राज्य को हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आज जो मंथन हो रहा है। एक साल में इसके काफी सुखद परिणाम देखने को मिले इसके लिए हमें आज से ही प्रयास करने होंगे। प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ऑफिस काफी समय से उत्तराखण्ड से जुड़ा है। जी.डी.पी और जी.ई.पी. के सामंजस्य से उत्तराखण्ड आगे बढ़ रहा है, यह एक अच्छी पहल है। डिजास्टर मैनेजमेंट, ईको सिस्टम रेस्टोरेशन, वाटर मैनेजमेंट सिस्टम के साथ-साथ गर्ल एजुकेशन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस विचार मंथन में जो भी सुझाव मिलेंगे, उनमें पूरा सहयोग दिया जायेगा।

हैस्को के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड हिमालयी राज्य है। हिमालयी राज्य होने के नाते उत्तराखण्ड का दायित्व और बढ़ जाता है। विकास के साथ ही प्राकृतिक संतुलन भी जरूरी है। इस दिशा में राज्य में सराहनीय प्रयास भी हो रहे हैं। हमें अपने संसाधनों का सही उपयोग कर आगे बढ़ना होगा।

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए सबको पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के प्रयास करने होंगे। उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य हैं। राज्य में मैदानी और पर्वतीय दोनों क्षेत्र हैं। देहरादून और नैनीताल जनपदों का आधा हिस्सा मैदानी और आधा पर्वतीय है। उत्तराखण्ड राज्य के विकास के लिए मैदानी एवं पर्वतीय जनपदों के लिए एक ही नीति नहीं बनाई जा सकती है। मैदानी जनपदों के लिए अलग और पर्वतीय जनपदों के लिए अलग नीति बनाकर राज्य के विकास के लिए सुनियोजित प्लानिंग हो सकती है। इस पर कार्य भी किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को अपना मॉडल डेवलप कर लीड लेनी होगी। समस्याओं का विश्लेषण कर समाधान ढूढ़ना है। उत्तराखण्ड में अनेक प्राकृतिक ससांधन हैं, इन संसाधनों का सदुपयोग कर ईकोनॉमी और ईकोलॉजी में सतंलन बढ़ाकर आगे बढ़ना है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, अपर सचिव श्रीमती रंजना राजगुरू, आनंद स्वरूप, वंशीधर तिवारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न संस्थानों के निदेशक एवं अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

इमे तुरं मरुतो रामयन्तीमे सहः सहस आ नमन्ति।
इमे शंसं वनुष्यतो नि पान्ति गुरु द्वेषो अररुषे दधन्ति।।
(ऋग्वेद ७-५६-१९)

विद्वानजन उत्तम राजा की प्रशंसा करते हैं। वे अपनी बुद्धि और बल से बलवानों को झुका देते हैं और सज्जन मनुष्यों को दुष्टों के क्रोध से बचा लेते हैं। वे दुष्टों को दंड दिलवाते हैं।

Scholars praise the upright king. They bend the mighty with their wisdom and strength and save the gentlemen from the wrath of the wicked. They get the wicked punished. (Rig Veda 7-56-19)

# दिल्ली में शुरु हुआ देश का पहला वर्चुअल स्कूल!

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में आज से दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल (डीएमवीएस) के एडमिशन शुरू हो गए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि देश के पहले वर्चुअल स्कूल की शुरुआत बुधवार से हो गई है। देशभर के छात्र इस स्कूल में दाखिला लेने के लिए आवेदन दे सकते हैं। डीएमवीएस स्कूल नौवीं से बारहवीं कक्षाओं के छात्रों के लिए होगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत भर के छात्रों के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसमें नीट, सीयूईटी तथा जेईई की परीक्षाओं की तैयारी कराने के साथ-साथ कौशल आधारित अन्य प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। श्र मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का पहला श्वर्चुअल स्कूलश शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# चोरी की स्ट्रीट लाईटों के साथ दो गिरफ्तार, वाहन सीज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की 10 स्ट्रीट लाईटों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलजार फार्म खदरी निवासी सुधाकर रावत ने ऋषिकेश कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उनके क्षेत्र से दस स्ट्रीट लाईटें चोरी हो गयी थी। आज उन्होंने हिल्स एकेडमी गुमानीवाला के पास एक मोटरसाईकिल सवार दो लोगों को शक होने पर रोका और उसके पास प्लास्टिक के कट्टों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से दस स्ट्रीट लाईटें बरामद कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गुलजार पुत्र कोसर व समीम पुत्र लियाकत दोनों निवासी ग्राम नन्हेडा गाजी थाना गागलहेडी बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेजकर वाहन को सीज कर दिया।

# घर से गैस सिलेण्डर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के अन्दर से गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमंत पुर निवासी विजय बांगा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके घर के अन्दर से गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# वाहन से गाय बरामद, चालक फरार

संवाददाता

देहरादून। हिन्दू रक्षा दल ने क्रूरता पूर्वक गाय लेकर जा रहे वाहन को रोककर गाय को आजाद कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने आजाद कालोनी के पास एक पिकअप वाहन में गाय को क्रूरता पूर्व ले जाते देखा तो उसका पीछा कर वाहन को रूकवा दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने गाय को आजाद कर पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शव सड़क पर रखकर जाम लगाने पर एक दर्जन से अधिक पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने एक दर्जन से अधिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डोईवाला में तैनात दरोगा नवीन डंगवाल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार, राकेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सुशील गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष रविकांत, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी उमेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी भीम आर्मी रोहित कुमार, स्पर्श पनियाला जिलाध्यक्ष बसपा, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा अर्जुन कुमार, उपाध्यक्ष भीम आर्मी आजम खान, राहुल, विनोद कुमार, आसीफ कुरैशी, टिंकू सहगल व 30-40 अन्य लोगों ने मृतका का शव हर्रावाला चौकी के सामने रखकर हाईवे को जाम कर विधि विरूद्ध कार्य किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवती के आत्महत्या करने पर युवक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। युवती के आत्महत्या करने के मामले में परिजनों ने एक युवक को उसका कारण बताते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहस्त्रधारा रोड निवासी एक युवती की पहचान एक इंस्टीटयूट में कोर्स करने वाले बिजनौर निवासी युवक ऋतिक से पहचान हो गयी और दोनों का मिलना जुलना होता रहा। कुछ दिन पूर्व युवती के परिजनों ने दोनों को एक साथ देख लिया तो युवती को बुरी तरह से डांट दिया। परिजनों की डांट से खफा होकर युवती ने घर में पहुंचकर उसने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। युवती के परिजनों ने रायपुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी बेटी के आत्महत्या करने के पीछे ऋतिक है। उसी ने उनकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए विवश किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# राज्य गठन से लेकर अब तक हुई भर्तियों की हो सीबीआई जांचःनेगी



संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि राज्य गठन से लेकर अब तक जितनी भी भर्तियां हुई हैं सबकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य में हुई भर्तियों में व्यापक धांधलियों की गूंज पूरे देश में सुनाई पड़ रही हैं, लेकिन राजभवन के कानों में ये गूंज अब तक सुनाई नहीं दी। नेगी ने कहा कि राज्य गठन के शुरुआती दौर 2001-2002 में महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय नैनीताल में भर्तियों/ नियुक्तियों में हुई व्यापक धांधलियों, यूकेजेवीएनएल में वर्ष 2002-2003 से लेकर 2006 तक हुई नियुक्तियों, यूकेएसएसएससी, विधानसभा में अब तक हुई सैकड़ों फर्जी नियुक्तियों, बैक डोर के माध्यम से हुई हजारों नियुक्तियों आदि के मामलों में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर धांधलियां हुई एवं कई मामले सामने आ रहे हैं, ऐसे में आवश्यक हो गया है कि राज्य गठन से लेकर आज तक हुई तमाम भर्तियों/ नियुक्तियों की सीबीआई जांच हो, जिससे होनहार युवाओं को सकून मिल सके एवं गिरोह का खात्मा किया जा सके। फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाए जालसाज आज कई-कई प्रमोशन लेकर हाकिम बने बैठे हैं। नेगी ने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है कि अधिकारियों एवं दलालों के गिरोह ने परीक्षा में इन होनहार युवाओं को दरकिनार कर मोटी रकम लेकर नौकरियां बांटी। नेगी ने कहा कि प्रदेश का उच्च शिक्षित, होनहार एवं सिफारिश विहीन युवा पांच-सात हजार की नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है तथा वहीं दूसरी ओर दलालों के माध्यम से नौकरी पाए लोग मौज-मस्ती काट रहे हैं। नेगी ने कहा कि कई होनहार युवा परीक्षा में असफल होने पर मौत को गले लगा चुके हैं। मोर्चा राजभवन से हाल ही में राज्य गठन से लेकर आज तक हुई तमाम भर्तियों/ नियुक्तियों की सीबीआई जांच की मांग कर चुका है।

पत्रकार वार्ता में ओ.पी. राणा एवं के.सी. चंदेल मौजूद थे।

# एसडीआरएफ ने पशुलोक बैराज से किया अज्ञात शव बरामद

संवाददाता

देहरादून। एसडीआरएफ ने पशुलोक बैराज से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज एसडीआरएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पशुलोक बैराज, ऋषिकेश में एक अज्ञात शव दिखाई दे रहा है जिसे बरामद किए जाने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है।

उक्त सूचना पर एसडीआरएफ फ्लड टीम द्वारा तत्काल मोके पर पहुँचकर रोप की सहायता से बैराज में उतरकर शव को बाहर निकाला गया। शव लगभग 01 माह पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसे बॉडी बैग के माध्यम से जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

जिला पुलिस द्वारा शिनाख्त की कार्यवाही की जा रही है।

# जानलेवा हमले में एक नामजद

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने जानलेवा हमले में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्री ग्राम डाकरा निवासी मना देवी ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा घर के पास खडा था तभी वहां पर बीरू नामक युवक आया और उसके बेटे रामकुमार पर खुखरी से हमला कर उसके हाथ की ऊंगली काट दी तथा सिर पर कई वार कर उसको घायल कर वहां से भाग गया। उसने अपने बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया।

# मोर्चा की महानगर कार्यकारणी तैयार मनोज कुमार बने अध्यक्ष



देहरादून (सं)। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की महानगर कार्यकारणी तैयार कर मनोज कुमार को अध्यक्ष बनाया। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के सम्मानित संस्थापक एवं अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना से विचार विमर्श के उपरांत एवं मोर्चा के सम्मानित अध्यक्ष राजेंद्र केसला की सहमति के साथ मोर्चा की महानगर (देहरादून) कार्यकारणी की घोषणा की है। मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद कुमार घाघट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष मनोज कुमार (डी एल रोड), कार्यकारी अध्यक्ष सुखनंदन (करणपुर), महामंत्री संयम कुमार (इंद्रेश नगर) एवं रवि देसाई (खुडबुडा), उपाध्यक्ष रमेश कुमार (क्लेमेंनटाउन), शुभम चौहान (इंद्रा कॉलोनी),राम (आर्य नगर), गजेंद्र ( इंद्रा कॉलोनी), अजय राजौरी( करनपुर ), दीपक ( रायपुर), गौतम बाल्मीकि एवं रोहन सूद (चंदर रोड), दिनेश (रीठा मंडी), गोविंदा (इंद्रेश नगर), कोषाध्यक्ष आर्यन बाल्मीकि (चुक्खुवाला) को मनोनीत किया गया है।

# भाजपा शासनकाल में महिलाओं पर बढ़े है अत्याचारः लालचंद

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें उत्तराखण्ड के डोईवाला व हल्द्वानी में दलित महिलाओं के साथ हुई बलात्कार की घटनाओं को शर्मानाक एवं निंदनीय बताया है।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें कहा है कि भाजपा शासित प्रदेशों में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार से पूरा देश कलंकित हुआ है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में बढ़ रही बलात्कार की घटनायें तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार गम्भीर चिन्ता का विषय है जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में जितनी जोर-शोर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद किया जा रहा है उसी गति से महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं तथा आज स्थिति यह है कि भाजपा शासित किसी भी प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं जिसका ताजा उदाहरण उत्तराखण्ड के डोईवाला एवं हल्द्वानी में दलित एवं नाबालिग बच्चियों की दुष्कर्म के बाद हत्या जैसे जघन्य अपराधों की घटनायें हैं जो देश को कलंकित करने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में सरकार के दबाव में दोषियों को बचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बलात्कार के आरोपियों को बचाने का काम किया जा रहा है।

लाल चंद शर्मा ने दलितों पर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर कहा कि भाजपा और आरएसएस की दलित विरोधी मानसिकता कभी बदल नहीं जा सकती। भाजपा की इसी मानसिकता से पूरे देश और खास तौर पर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार में बढ़ोत्तरी हुई है। इन अपराधों के आंकड़ों पर जनमानस सवाल कर रहा है कि भाजपा सरकार चाहे वह महिलाएं हों, दलित हो या युवा , किसी को सुरक्षा का माहौल क्यों नहीं दे पा रहे। आज के नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े इस बात का प्रमाण है कि भाजपा लोकतंत्र को तो लूट तंत्र बनाती है लोगों के अधिकार समाप्त करती है लेकिन उनको सरकार चलाना, लोक कल्याण करना नहीं आता।

# घर का बना दही खट्टा हो रहा है? इन आसान टिप्स को आजमाएं

अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित और स्वस्थ भोजन करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह दही खाना या फिर दही का सेवन भी सेहत के लिए अच्छा होता है। दही शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। दही के गुणों के कारण डॉक्टर भी दही खाने की सलाह देते हैं।

दही का सेवन शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। वहीं दही के सेवन से दांत और हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसके अलावा दही खाने से दिल भी स्वस्थ रहता है। दही का सेवन करने से बाल भी मजबूत होते हैं। दादा से कई तरह के व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। तो दही ज्यादातर घरों में आसानी से मिल जाता है। आजकल बाजार में दही के अलग-अलग फ्लेवर उपलब्ध हैं। लेकिन घर के बने दही का स्वाद अलग होता है। लेकिन कई लोग घर के बने दही को लेकर शिकायत करते हैं कि दही पतला होता है या खट्टा।

ऐसे में आइए जानें कुछ जरूरी लेकिन आसान टिप्स जो आपके काम जरूर आएंगे। घर का बना और प्राकृतिक रूप से जमा हुआ दही न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। दही एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है जिसमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और शरीर को कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

दही बनाने के लिए दूध को अच्छी तरह उबाल लें

दही बनाने के लिए दही को गर्म करने की जरूरत नहीं है, बल्कि तेज आंच पर इसे अच्छे से खोल लें. और इसके बाद इसे धीमी आंच पर 20 मिनट के लिए रख दें। दूध को धीमी आंच पर उबालने से उसमें नमी की मात्रा भी कम हो जाती है और दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाता है। उसने दही को मीठा किया।

पुराने दही का उचित मात्रा में प्रयोग करें

कई कलीसियाएँ घर पर मौजूद पुराने दही, छाछ या मक्खन से नए दही बनाती हैं। दही जमाने के लिए आपको अंदाजा होना चाहिए कि कितना पुराना दही लेना है। पुराने दही में समान मात्रा में दूध मिला लें।

दही को जमने के लिए कितनी देर रखना है

कुछ को दूध जमने में बहुत अधिक समय लगता है। अगर दूध को जरूरत से ज्यादा देर तक सेट किया जाए तो दही खट्टा हो सकता है. इसलिए दही को जमने के लिए सिर्फ 7 घंटे का समय दें। वहीं अगर अतिरिक्त पानी को सूती कपड़े से छान लिया जाए तो दही आसानी से गाढ़ा हो जाएगा।

# टोविनो थॉमस की सबसे बड़ी हिट बनी थल्लुमाला

निर्देशक खालिद रहमान की हाल में रिलीज हुई मलयालम फिल्म थल्लुमाला, जिसमें अभिनेता टोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में हैं, अभिनेता के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म बनकर उभरी है, अगर कोई स्रोत देखें तो उद्योग कहते हैं। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को थल्लुमाला ने 12 अगस्त को समीक्षा की और अगस्त तक दुनिया भर में लगभग 31 करोड़ रुपये की कमाई की। सूत्रों ने दावा किया कि प्रभावशाली संख्या ने फिल्म को टोविनो के करियर की अब तक की सबसे बड़ी हिट बना दिया है।

मुहसिन परारी और अशरफ हमजा द्वारा लिखित एक एक्शन कॉमेडी फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन और शाइन टॉम चाको भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अभिनेता टोविनो थॉमस ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान भी दावा किया था कि वह मजे कर रहे हैं।

फिल्म में अपने चरित्र वजीम को निभाने के अपने अनुभव को साझा करने के लिए इंस्टाग्राम पर लेते हुए, टोविनो ने तब कहा था, जबकि मैं वास्तव में ऐसे पात्रों में शामिल होने का आनंद लेता हूं जो बहुत ही सुंदर, सुंदर और कभी-कभी किरकिरा शरीर की भाषा की मांग करते हैं, फिल्में करने के बारे में कुछ बहुत ही मुक्तिदायक है जहां आपको पूरी तरह से बाहर जाने और बस बहुत मजा करने का मौका मिलता है। वजीम वह सब है और बहुत कुछ!

मुझे याद है कि वर्षों पहले मैं सोचता था कि कुछ चीजें हैं जो मैं खुद को करते हुए नहीं देख सकता, लेकिन जब कोई चरित्र इसकी मांग करता है, जैसे कि इस में, आप कदम बढ़ाते हैं और दिखाते हैं! विशेष रूप से जब आपके पास एक रॉक सॉलिड टीम होती है जो आपका समर्थन करती है। और आपको एक कलाकार के रूप में तलाशने और विकसित होने का विश्वास दिलाता है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# पीठ के बल सोने से 5 परेशानियां होंगी दूर!



क्या आप जानते हैं कि सिर्फ पीठ के बल सोने मात्र से ही आपकी कौन सी 5 सेहत समस्याएं दूर हो सकती है? आइए, हम आपको बताते हैं उन सेहत परेशानियों के बारे में जो सिर्फ पीठ के बल सोने से ठीक हो सकती है –

1 कमर दर्द से बचाव – पीठ के बल सोना कमर को आधार देता है, जिसके कारण कमर दर्द नहीं होता और अगर होता भी है तो उसमें काफी हद तक राहत मिलती है।

2 गर्दन के दर्द से राहत – चूंकि पीठ के बल लेटने पर आपकी गर्दन को भी सही तरीके से तकिये का सपोर्ट मिल पाता है, अत: गर्दन के दर्द में लाभ होता है। जबकि गलत तरीके से सोने पर गर्दन को सही सपोर्ट नहीं मिल पाता।

3 अम्लीय रिसाव में कमी – यह सोने की वह अवस्था है जिसमें आपके पेट की स्थिति सही होती है, जिसके कारण पेट में अम्लीय रिसाव नहीं होता या उसमें कमी आती है।

4 झुर्रिया कम होती हैं – जब आप पीठ के बल सोने के बजाए गलत तरीके से सोते हैं, तो आपका चेहरा भी उसके अनुरूप अवस्था में होता है, और उस पर दबाव एवं झुर्रियां आती हैं।

खास तौर से लंबे समय तक ऐसा होने पर झुर्रिया बढ़ सकती है।

5 शरीर सुडौल रहता है –

जब आप लंबे समय तक अपने शरीर को बेढंग और गलत अवस्था में रखते हैं तो शरीर का बेडोल होना स्वभाविक है। इसका एक कारण यह भी है कि जब आप सोते हैं तब आपका शरीर विकास करता है।

# सेहत के लिए काफी फायदेमंद है चना



चने अपने पोषक तत्वों की वजह से सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, सोडियम और सेलेनियम होता है। आप इसे भिगोकर और सब्जी बनाकर भी खा सकते हैं। अंकुरित चने विटामिन और बी कॉम्प्लेक्स का अच्छा स्रोत हैं। चने से आपको भरपूर ऊर्जा मिलती है और आपका पाचन तंत्र भी सही बना रहता है। इसके अन्य स्वास्थ्य लाभ यह हैं–

पाचन तंत्र में सहायक– पाचन तंत्र के सही ना होने पर आपको कई समस्याएं हो सकती हैं। चने के रिजिस्टेंट स्टार्च गुण पाचन को सही बनाकर कब्ज़ जैसी समस्या से कुछ हद तक राहत मिलती है। इसके सैपोनिंस यौगिक से आपके पेट को साफ़ रखने में मदद मिलती है।

चेहरे पर रोनक लाता है– चने के द्वारा मुंहासे, दाने, सूजन और खुजली जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके लिए चना पाउडर यानी बेसन को दूध या दही में मिलाकर चेहरे पर लगायें। इस पेस्ट को सिर में लगाने से बालों का गिरना कम और उन्हें मज़बूत किया जा सकता है।

ऊर्जा का अच्छा स्रोत– चने से शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है, इसलिए इसे घोड़ों को भी खिलाया जाता है। इसमें प्रोटीन होता है, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है। मेथियोनाइन कोशिकाओं के समुचित कार्य में लाभकारी है। सुबह एक कटोरी चने खाने से आपको दिनभर सक्रिय रहने में मदद मिलती है।

एनीमिया के इलाज में सहायक– एनीमिया के लिए शरीर में आयरन की कमी ज़िम्मेदार होती है। चने में भरपूर मात्रा में आयरन होता है, जिससे शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद मिलती है। हीमोग्लोबिन कंट्रोल करने के लिए आप भीगे हुए चने में एक चम्मच शहद मिलाकर खा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -48

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# एनटीआर का इतिहास दोहराया जाएगा!

नंदमूरि तारक रामाराव यानी एनटीआर आंध्र प्रदेश के सबसे चमत्कारिक नेता और तेलुगू फिल्मों के सुपर सितारे थे। उन्होंने पार्टी बनाई तो पहले ही चुनाव में बड़े बहुमत से सरकार बनाई। बाद में उनके दामाद चंद्रबाबू नायडू ने उनके जीवनकाल में ही उनकी पार्टी पर कब्जा कर लिया।

तब एनटीआर के बच्चों में से भी कुछ लोगों ने नायडू की मदद की थी क्योंकि एनटीआर ने अपने से बहुत कम उम्र की महिला के साथ शादी की थी और उनको पार्टी की कमान सौंपने का फैसला किया था। इसके बावजूद यह हकीकत है कि चंद्रबाबू नायडू का पार्टी पर कब्जा करना एनटीआर के परिवार के कई लोगों को पसंद नहीं आया था। तभी जब जूनियर एनटीआर सक्रिय हुए हैं तो कहा जा रहा है कि इतिहास दोहरा सकता है।

जूनियर एनटीआर तेलुगू फिल्मों के सुपर सितारे हैं और एनटीआर के पोते हैं। उनके पिता नंदमूरि हरिकृष्णा सांसद थे। एनटीआर जूनियर ने पिछले दिनों हैदराबाद में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि शाह ने उनको फिर से राजनीति में सक्रिय होने के लिए कहा है। अगर वे दोबारा सक्रिय राजनीति में आते हैं तो भाजपा उनको अपना चेहरा बन सकती है।

ध्यान रहे अपने दादा एनटीआर की पार्टी टीडीपी में जूनियर एनटीआर के लिए जगह नहीं है। वहां चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने कमान संभाल ली है। तभी यह संभव लग रहा है कि एनटीआर जूनियर भाजपा के साथ जुड़ें और तेलुगू राजनीति की एक धुरी बनें।

आंध्र प्रदेश में अभी सीधा मुकाबला जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस और टीडीपी के बीच है। अगर वे राजनीति में उतरते हैं और भाजपा का साथ देते हैं तो भाजपा एक बड़ी ताकत बन जाएगी। वे अलग पार्टी बना कर भी भाजपा की मदद से टीडीपी को रिप्लेस कर सकते हैं।(आरएनएस)

# धनुष की थिरुचित्रम्बलम ने पहले हफ्ते में कमाए 65 करोड़

उद्योग पंडितों के अनुसार, मिथुन आर. जवाहर की थिरुचित्रम्बलम विदेशों में शीर्ष कमाई वाली फिल्म के रूप में उभरी है। इस फिल्म में मुख्य अभिनेता के तौर पर धनुष हैं। 18 अगस्त को रिलीज होने के बाद पहले पांच दिनों में इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन तमिलनाडु में 42.26 करोड़ रुपये और तेलुगु भाषी राज्यों में 1.9 करोड़ रुपये तक बढ़ गया।

रिपोर्ट के अनुसार, विदेशों में इसने 9.2 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिसमें मलेशिया, खाड़ी देश और उत्तरी अमेरिका सबसे आगे हैं। सिद्धार्थ श्रीनिवास के अनुसार, यह तेजी से कारोबार कर रही है और 65 करोड़ रुपये के आंकड़े को छूने के रास्ते पर है।

धनुष अभिनीत फिल्म का विदेश में प्रदर्शन शानदार है। उन्होंने कहा कि, फिल्म की शैली ने दर्शकों को इसमें दिलचस्पी दिखाई है। पश्चिम के देश हाल के दिनों में केवल एक्शन थ्रिलर देख रहे हैंउन्होंने कहा, सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस वाली यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म एक आदर्श बदलाव थी और ऐसा लगता है कि इसने दर्शकों का ध्यान खींचा है।

विश्लेषकों ने निष्कर्ष निकाला, जो इन दिनों बहुत सुना जाता है, कि अच्छी कंटेंट हमेशा बेहतर प्रदर्शन करती है और थिरुचित्रम्बलम इसका एक और उदाहरण है।

# अभिनेत्री शालिनी पांडे ने अर्जुन रेड्डी के 5 साल पूरे होने पर लिखा एक नोट

तेलुगु ब्लॉकबस्टर अर्जुन रेड्डी के पांच साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए अभिनेत्री शालिनी पांडे ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत नोट लिखा है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने को-स्टार विजय देवरकोंडा का भी आभार व्यक्त किया।

2017 में रिलीज हुई अर्जुन रेड्डी एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसे संदीप रेड्डी वांगा ने निर्देशित किया है। इसमें विजय ने मुख्य भूमिका निभाई और उनके साथ शालिनी पांडे भी नजर आई थी। सुपरहिट फिल्म के 5 साल पूरे होने पर शालिनी ने साझा किया।

पांच साल पहले, इसी दिन, मेरी पहली फिल्म अर्जुन रेड्डी रिलीज हुई थी, जो मेरे सबसे यादगार पलों में से एक बना। प्रीति के रूप में अपनी भूमिका के लिए मुझे जो प्यार और सराहना मिली, वह अभूतपूर्व थी और मैं इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी।

मैं अर्जुन रेड्डी के लिए सब कुछ देना चाहती हूं। मेरे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा को बहुत धन्यवाद, यह सुनिश्चित करने के लिए कि मैंने इसकी शूटिंग के लिए एक अच्छा समय बिताया।शालिनी ने अपने सह-कलाकार विजय का भी आभार व्यक्त किया, जो अपनी नई रिलीज लाइगर के लिए तैयार हैं।

शालिनी ने आगे कहा, एक और व्यक्ति जिसने मुझे मेरी पहली फिल्म के माध्यम से आगे बढ़ने में मदद की, यह सुनिश्चित करते हुए कि मैं हमेशा मजे करूं, वह मेरे अद्भुत सह-कलाकार हैं - विजय देवरकोंडा। हर चीज के लिए धन्यवाद विजय उर्फ लाइगर! प्यार और शुभकामनाएं! (आरएनएस)

# 2 सितंबर को हॉटस्टार पर आएगी अक्षय कुमार की कठपुतली



अक्षय कुमार बॉलीवुड के व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। एक के बाद एक उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में रहती हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म कठपुतली की घोषणा कर दी है, जो 2 सितंबर को डिज्नी + हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इस फिल्म से अक्षय का फर्स्ट लुक भी जारी हो गया है। इसे पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। फिल्म के निर्देशन का काम रंजीत एम तिवारी ने संभाला है।

अक्षय ने ट्विटर पर इस फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने इसका टीजर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, ये खेल पावर का नहीं, दिमाग का है। और इस माइंड गेम में आप और मैं सभी कठपुतली हैं। फिल्म 2 सितंबर को डिज्नी + हॉटस्टार पर आएगी। जैसे ही सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा हुई, फैंस की तरफ से अभिनेता को बधाइयां मिलनी शुरू हो गईं।

35 सेकेंड के टीजर में अक्षय पुलिस की वर्दी में दिखे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि फिल्म में अक्षय एक बार फिर पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह भी दिखने वाली हैं। सरगुन मेहता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म को जैकी भगनानी, वाशु भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। असीम अरोरा ने इसका लेखन किया है।

कठपुतली से पहले अक्षय आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखे थे। यह कॉप ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पैसा वसूल साबित हुई थी। फिल्म पिछले साल सिनेमाघरों में आई थी।

कठपुतली तमिल क्लासिक फिल्म रत्सासन की हिंदी रीमेक होगी। रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। इसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट नजर आए थे। अक्षय हाल में रक्षा बंधन में भूमि पेडनेकर के साथ दिखे हैं। वह साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिंदी रीमेक और सुपरस्टार सूर्या की तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक का हिस्सा हैं। फिल्म राम सेतु में भी अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। इसमें उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आएंगी। ओह माय गॉड 2, सेल्फी और बड़े मियां छोटे मियां जैसी कमर्शियल फिल्में भी उनके खाते से जुड़ी हैं।(आरएनएस)

# मृदुला ओबेरॉय की जर्नी, करियर को दांव पर लगाकर लिया था एक्टिंग का रिस्क

अभिनेत्री मृदुला ओबेरॉय, जो इनदिनों पॉपुलर शो अपनापन में नजर आ रही हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं सीरियल में काम करने से पहले मृदुला बैंकिंग सेक्टर में काम करती थी. अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपने बैंकिंग का करियर छोड़ा था. बता दें कि वह इनदिनों में एकता आर कपूर के शो अपनापन में निम्मी की नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं, कुछ यादें साझा करती हैं क्योंकि उन्होंने उद्योग में पांच साल पूरे कर लिए हैं.

अभिनेत्री अपने सपनों को पूरा करने के लिए रिस्क लिया था उन्होंने मुंबई पहुंचने के लिए अपने बैंकिंग करियर को छोड़ा था. एक्ट्रेस अपने इस साफ को याद करते हुए कहा कि मुझे याद है, मैं केवल तीन चीजों के साथ मुंबई में आई थी वह केवल विश्वास और जीवन में एक उद्देश्य था. मैं सब कुछ छोड़ कर, मेरा परिवार, मेरा बच्चा, वित्तीय सुरक्षा, आराम, शानदार जीवन, जिससे बाहर निकलना आसान नहीं है आई थी. लेकिन मुझे खुद पर विश्वास था और मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज का अनुसरण करने का साहस किया.

पंजाब के पठानकोट की रहने वाली अभिनेत्री ने अभिनय में अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए अपना बैंकिंग करियर छोड़ दिया. उनका कहना है कि मुंबई आने के बाद उन्हें कई मौके मिले लेकिन शुरू में यह उनके लिए इतना आसान नहीं था और उन्हें अपने अभिनय कौशल पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी. एक्ट्रेस ने जुगजुग जीयो, लव आज कल 2 जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया और कुमकुम भाग्य, नागिन 6, भाग्य लक्ष्मी जैसे कई टीवी शो किए. अभिनेत्री ने अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, मुझे अपना पहला शो बेहद याद है, जहां मैंने 12 दिनों के लिए एक कैमियो किया था और उन सभी दिनों में मुश्किल से 5 लाइनें बोली. चूंकि यह एक बहुत लोकप्रिय शो था, इसलिए मुझे मनोरंजन उद्योग में पहचाना गया.

# निक्की तंबोली ने इंटरनेट पर फिर लगाई आग



बिग बॉस फेम निक्की तंबोली एक बार फिर से इंटरनेट पर अपनी बोल्ड फोटो के कारण छाई हुई हैं। बोल्ड फोटोशूट में अपनी ग्लैमरस अदा के लिए निक्की तंबोली हमेशा से लोकप्रिय रही हैं। इस बार एक बार फिर से निक्की तंबोली ने अपने इस नए अंदाज से इंटरनेट पर पूरी तरह से आग लगा दी है। साउथ की फिल्मों से निकलकर निक्की तंबोली बिग बॉस 14 और खतरों के खिलाड़ी 11 जैसे रियलिटी शो में उनकी उपस्थिति के बाद ही उनके और उनके करियर के लिए चीजें काफी बदल गईं।

इस बार निक्की तंबोली एक बार फिर से शार्ट टॉप में अपना ग्लैमर से भरा अंदाज दिखा रही हैं। जिसे इंटरनेट पर सबसे अधिक देखा जा रहा है। हर बार निक्की एक तस्वीर या वीडियो के जरिए अपनी अदा से बिजली गिरा देती हैं।

अपने सोशल मीडिया हैंडल पर, निक्की की यह तस्वीरें सबसे अधिक देखी जा रही हैं। निक्की तंबोली ने इस बार अपने शानदार नारंगी स्ट्रैपलेस ब्रैलेट और योग पैंट में बड़ा समय बिता रही है और अपने कर्व्स को दिखाकर हॉटनेस दिखा रही हैं। निक्की ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक छोटे से क्रॉप टॉप में कई तस्वीरें साझा की हैं।

तस्वीरें कुछ और नहीं बल्कि निक्की के हॉट मिड्रिफ और बोल्ड फैशन का शो हैं। प्रिंसटन ऑरेंज कलर का छोटा क्रॉप टॉप पहने निक्की तंबोली ने तस्वीरों में अपने क्लीवेज और मिडरिफ को फ्लॉन्ट किया। इस टॉप को निक्की नेग्रे-ईश डेनिम के साथ शीर्ष जोड़ा।

स्मोकी आई मेकअप ने लुक में चार चांद लगा दिए। उन्होंने कैजुअल बीची कर्ल्स में अपने बालों को खुला रखा था। निक्की ने अपने इस अंदाज के साथ पांच तस्वीरें पोस्ट की हैं, हर बार की तरह फैंस के कमेंट के साथ निक्की तंबोली ने अपना जलवा कायम रखा है।

इससे पहले निक्की तंबोली ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है जहां पर वह अपना फिगर दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। (आरएनएस)

# विधि विधान से करें नये घर में प्रवेश

नया घर बनाने के साथ ही उसमें सुखपूर्वक निवास के लिए विधि विधान से गृहप्रवेश करना चाहिये। विभिन्न ज्योतिष ग्रंथों में नक्षत्रों को ध्यान में रखकर गृहप्रवेश विधि का वर्णन किया गया है। सभी ज्योतिष शास्त्रों में गृह प्रवेश को विधि विधान द्वारा ही शुभ माना जाता है। ऐसा न करने पर कोई अनहोनी या समस्या जातक को परेशान कर सकती है।

नए मकान में प्रवेश करने से पहले रंगाई- पुताई करवाकर पानी के सभी नल, बिजली के कनेक्शन आदि की अच्छी तरह से जांच कर लेनी चाहिए। शुभ मुहूर्त में, मकान साफ- सुथरा करके यज्ञ, हवन, पूजन, दीप, धूप आदि द्वारा विधि- विधान से गृह प्रवेश पूजन सम्पन्न करना चाहिए। घर में प्रवेश करने से पहले बड़े- बुजुर्ग, पूजनीय, पित्रों (इट) का आशीर्वाद लें तथा भोजन कराना चाहिए। ऐसा करने से सबके मन में सकारात्मक प्रभाव आता है और उनकी सकारात्मक शक्ति आपको जीवन में आगे बढ़ने का हौसला देती है। रोजाना घर में फ्टिकरी के पानी से पोछा लगाना भी बेहद लाभकारी माना जाता है।

घर में वास्तु दोा निवारक यंत्र अवश्य रखें इससे अगर घर की बनावट में किसी तरह की परेशानी होगी तो दूर होगी ।

हिंदू धर्म संस्कृति में प्राचीन युग से ही वास्तु देवता की प्रसन्नता के लिए उनकी पूजा का विशिट स्थान रहा है। चाहे नगर निर्माण हो या भवन निर्माण अथवा कर्मकांड के लघु एवं बृहत यज्ञानुठान आदि हों, इन सभी कार्यों में सफ्लता में आने वाली बाधाओं के शमन के लिए वास्तु की विधिपूर्वक पूजा की जाती है।

ऐसी स्थिति में संपूर्ण वास्तुयंत्र को अपने घर में स्थापित करने से वास्तु देवता प्रसन्न होते हैं जिससे घर की सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

श्री गायत्री यंत्र: गायत्री यंत्र के पूजन, दर्शन से घर में सात्विक वातावरण बनता है जिससे घर के सभी सदस्यों में पवित्र भावना का विकास होता है। महामृत्युजय यंत्ररू इस यंत्र के दर्शन, पूजन से घर में दु:ख, बीमारियों से रक्षा होती है, व्यक्ति उन्नति की ओर अग्रसर होता है।

श्री काली यंत्र: महाकाली यंत्र के दर्शन, पूजन से अकाल मृत्यु से रक्षा होती है। आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। श्री वास्तु महायंत्ररू इस यंत्र के दर्शन, पूजन से घर में वास्तुदोा का निवारण होता है। घर की सुरक्षा बनी रहती है।

श्री केतु यंत्र: केतु यंत्र के दर्शन, पूजन से अचानक होने वाली अशुभ घटनाओं का पूर्वाभास होता है। व्यक्ति सावधानीपूर्वक विकट स्थितियों का सामना करने में सफ्ल होता है।

श्री राहु यंत्र: इस यंत्र के दर्शन, पूजन से कार्यों में आने वाली अड़चनें दूर होती हैं। सामान्य संर्घा के बाद व्यक्ति सफ्लता प्राप्त करता है।

श्री शनि यंत्र: शनि यंत्र के पूजन, दर्शन से हीन भावनाओं का नाश होता है। व्यक्ति स्थिरतापूर्वक कार्यक्षेत्र में सफ्ल होता है।

श्री मंगल यंत्र: मंगल यंत्र के पूजन, दर्शन से धैर्य एवं साहस में वृद्धि होती है जिससे व्यक्ति निडर होकर कार्य करता है।

श्री कुबेर यंत्र: कुबेर यंत्र के पूजन, दर्शन से आय के स्त्रोतों में वृद्धि होती है। धन का सदुपयोग होता है।

नए घर में जाने से पहले ध्यान रखनी चाहिए ये बातें

अपने-अपने घर से सभी को बेहद लगाव होता है। घर में हमें सुख-शांति, मान-सम्मान और धन-वैभव सहित सभी सुविधाएं प्राप्त होती हैं। किसी भी मकान को घर बनाने के लिए कई प्रयास करने होते हैं, मकान बनने के बाद उससे सभी सुख-सुविधाएं प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि सही मुहूर्त में गृह प्रवेश किया जाए।

नए घर में प्रवेश से पहले वास्तु शांति अर्थात यज्ञादि धार्मिक कार्य अवश्य करवाने चाहिए। वास्तु शांति कराने से भवन की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है तभी घर शुभ प्रभाव देता है। जिससे जीवन में खुशी व सुख-समृद्धि आती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार मंगलाचरण सहित वाद्य ध्वनि करते हुए कुलदेव की पूजा व वृद्धों का सम्मान करके व ब्राह्मणों को प्रसन्न करके गृह प्रवेश करना चाहिए।

गृह प्रवेश के पूर्व वास्तु शांति कराना शुभ होता है। इसके लिए शुभ नक्षत्र वार एवं तिथि इस प्रकार हैं-

शुभ वार- सोमवार, बुधवार, गुरुवार, व शुक्रवार शुभ हैं।

शुभ तिथि- शुक्लपक्ष की द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी एवं त्रयोदशी।

शुभ नक्षत्र- अश्विनी, पुनर्वसु, पुय, हस्त, उत्ताफाल्गुनी, उत्तराााढ़ा, उत्तराभाद्रपद, रोहिणी, रेवती, श्रवण, धनिठा, शतभिाा, स्वाति, अनुराधा एवं मघा।

अन्य विचार- चंद्रबल, लग्न शुद्धि एवं भद्रादि का विचार कर लेना चाहिए।

# नय्यारा नूरः अनासक्त गायिका

वेद प्रताप वैदिक

पाकिस्तान की प्रसिद्ध गायिका नय्यारा नूर (71) का रविवार को निधन हो गया। सारे पाकिस्तान के अखबार और चैनल उनके शोक-समाचार से भरे हुए हैं। नय्यारा नूर से मेरी पहली मुलाकात 1981 में हुई थी। जनवरी 1981 में जब मैं काबुल में प्रधानमंत्री बबरक कारमल से मिलने जा रहा था तो राजमहल के ड्राइवर ने कार में एक हिंदी गजल चला दी। मैंने उससे फारसी में पूछा कि यह पठान या ताजिक गायिका इतनी अच्छी हिंदी-उर्दू गजल कैसे गा रही है? उसने बताया कि यह महिला अफगान नहीं, पाकिस्तानी है और इसका नाम नय्यारा नूर है। उसी साल मेरा पाकिस्तान भी जाना हुआ, 'इंस्टीट्यूट आफ स्ट्रेटिजिक स्टडीज' के निमंत्रण पर। उस समय पाकिस्तान के लगभग सभी सत्तारुढ़ और विरोधी नेताओं से मेरा मिलना हुआ लेकिन मेरी बड़ी इच्छा थी कि कुछ वक्त मिले तो मैं नय्यारा नूर से जरुर मिलूं। उन दिनों नूरजहां और मलिका पुखराज जैसी वरिष्ठ गायिकाओं का सिक्का बहुत जमा हुआ था।

उनसे भेंट के बाद नय्यारा से संपर्क करके मैं लाहौर में उनके घर पहुंचा तो मुझे ढूंढते-ढूंढते मेहदी हसन भी वहां आ पहुंचे। वे जयपुर के थे। मैंने बताया कि मेरे दादा-परदादा खाटू के थे तो वे मुझसे मारवाड़ी में बात करने लगे। नय्यारा के पति शहरयार जैदी लखनऊ के थे। हम चारों भारतीय मूल के लोग आपस में इतने रम गए कि जैसे बरसों से दोस्त रहे हों। नय्यारा नूर गुवाहाटी में 195० में पैदा हुई थीं। 8 साल बाद उनके पिता पाकिस्तान चले आए।

जब नय्यारा लाहौर के कालेज में पढ़ रही थीं तो अचानक उनकी गायन-प्रतिभा प्रस्फुटित हो गई। वे पहले रेडियो पर गाने लगीं। फिर क्या था? उनकी बड़ी-बड़ी महफिलें सजने लगीं। टीवी चैनलों और फिल्मों में भी उनकी गजलें सुनी जाने लगीं। छोटी उम्र में ही वे बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय होने लगीं। उन्होंने मीर, गालिब, फैज़ और कई शायरों की गजलें गाईं। उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार मिले। लेकिन मैंने जो सज्जनता और सरलता उनमें और उनके पति जैदी साहब में पाई, वह बहुत कम भारतीय और पाकिस्तानी कलाकारों में पाई। पहली मुलाकात में ही पति-पत्नी ने मेरा दिल जीत लिया। उन्होंने मुझे अपने कई कैसेट भेंट दिए, जो आजतक मेरे पास हैं और जिन्हें मैं बहुत प्रेम से सुनता हूं। पिछले 4० साल में पाकिस्तान की मेरी हर यात्रा के दौरान मेरी इच्छा रहती थी कि बहन नय्यारा से मिलूं और उनके पास बैठकर उनकी गजलें सुनूं लेकिन वे अब कराची में रहने लगी थीं।

कराची जब भी जाना हुआ, वह भी सिर्फ कुछ घंटों के लिए और कुछ खास मुलाकातों के लिए! इसीलिए नय्यारा समेत कई मित्रों से सिर्फ फोन पर बात करके ही संतुष्ट होना पड़ता रहा।

नय्यारा नूर, मलिका पुखराज, नूरजहां और मेहदी हसन जैसे लोगों ने पाकिस्तान की इज्जत बढ़ाई और अपनी प्रतिभा से पाकिस्तानियों को आनंदित किया लेकिन जैसा कि राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने कहा था कि 'हर पाकिस्तान के दिल में एक हिंदुस्तान धड़कता है', उनकी यह कहानी नय्यारा नूर जैसे कई महान कलाकारों के लिए एकदम सही बैठती है। नय्याराजी को हार्दिक श्रद्धांजलि !

## सू- दोकू क्र. 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# सेहत के लिए लाभकारी होते हैं फलों के छिलके

आप अगर फलों का सेवन करते हैं तो उनके छिलकों का क्या करते हैं? शायद फेंक देते होंगे? ज्यादातर लोग फलों के छिलके कचरे में फेंक देते हैं, लेकिन ये बात बहुत कम लोग जानते हैं कि जिन छिलकों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है वो सेहत के लिए लाभकारी होते हैं।

एक शोध में पाया गया है कि संतरे-मौसमी जैसे खट्टे फलों के छिलके में सुपर-फ्लैवोनॉयड मौजूद होता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। साथ ही, ब्लड फ्लो के दौरान धमनियों पर ज्यादा प्रेशर नहीं पड़ने देता।

केला के छिलके से फायदा

जानी मानी डाइटीशियन डॉ रंजना सिंह के मुताबिक, केले के छिलके में %फील गुड% हॉर्मोन सेरोटोनिन मौजूद होता है, जो बेचैनी या उदासी के भाव को कम करता है। साथ ही, इसमें ल्यूटिन नाम का एंटीऑक्सीडेंट भी शामिल होता है, जो आंखों के सेल्स को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है और मोतियाबिंद के खतरे को भी कम करता है।

ऐसे करें इस्तेमाल: केले के छिलके को दस मिनट तक साफ पानी में उबालें। इसके बाद पानी को ठंडा करें और छानकर पी लें। सब्जी के रूप में भी खा सकते हैं।

कद्दू के छिलके से फायदा

जानी मानी डाइटीशियन डॉ रंजना सिंह के मुताबिक, कद्दू के छिल्के में बीटा कैरोटीन मौजूद होता है, जो फ्री-रैडिकल्स का खात्मा कर सकता है। इससे कैंसर से बचाव में मदद मिलती है। इसके अलावा, इसमें मौजूद जिंक नाखून को मजबूत बनाते हैं। कद्दू का छिलका स्किन सेल्स को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी कारगर साबित होता है।

ऐसे करें इस्तेमाल: अगर कद्दू का छिलका मुलायम हो, तो सब्जी के साथ पकाएं, लेकिन अगर छिलका कड़ा है तो उसे धूप में सुखाएं और ओवन में भूनकर चिप्स की तरह भी खाया जा सकता है। छिलके की सब्जी भी सकते हैं।

आलू के छिलके से फायदा

एक बड़े आलू का छिलका रोजाना जरूरी जिंक, आयरन, विटामिन-सी, पोटैशियम की जरूरत को पूरा करता है। साथ ही, रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी आलू के छिलके बहुत मदद करते हैं। इससे डाइजेशन तो सही रहता ही है, साथ में त्वचा पर निखार लाने में भी कारगर साबित होता है।

ऐसे करें इस्तेमाल : आलू की सब्जी या भरता छिलका सहित बनाएं। इसके अलावा, आलू को बारीक काटकर कुछ देर गर्म पानी-नमक के घोल में रखें और धूप में सुखाकर चिप्स की तरह खाएं।

# ब्लैडर कैंसर क्या है?

ब्लैडर कैंसर के मामले हाल के दिनों में बढ़ते जा रहे हैं। आखिर क्या होता है यह कैंसर? डॉक्टरों के मुताबिक शरीर में ब्लैडर की वॉल के टिश्यूज के संक्रमित होने से ये कैंसर आरंभ होता है। शुरुआत में ब्लैडर में खून के थक्के जमने आरंभ होते हैं।

इसके आरंभिक लक्षणों में यूरीन के साथ रक्त आना शुरु होता है। दरअसल जब ब्लैडर संक्रमित होता है तो ऐसा होता है।

ब्लैडर में संक्रमण के कारण यूरीन के समय जलन और तेज दर्द होता है। अगर ये लंबे समय तक बना रहे या बार-बार हो तो सावधान हो जाना चाहिए।

ये एक सामान्य लक्षण है जो कई बड़ी बीमारियों में होता है। ये है बिना किसी वजह के तेजी से वजन कम हो जाना। अगर आपके साथ ऐसा हुआ है या हो रहा है जो इसे हल्के में ना लें। इसके साथ ही थोड़ा सा काम करके थक जाना और कमजोरी रहना भी इसके लक्षणों में शामिल है।

यूरीन के साथ सफेद टिश्यूज डिस्चार्ज होना और पेट के निचले हिस्से यानी पेल्विक रीजन में दर्द बने रहना। इससे पीडित लोग अक्सर हड्डियों में लगातार दर्द रहने की शिकायत भी करते हैं। अगर बार-बार यूरीन इन्फेक्शन हो रहा हो तो डॉक्टर को अवश्य दिखायें। इस बीमारी की जद में 6० साल से ज्यादा के लोग सबसे अधिक होते हैं। साथ ही, ऐसे लोग जिनका वजन ज्यादा होता है उनको भी इसका खतरा ज्यादा रहता है।



# एसडीएम से धक्का-मुक्की में तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भगवानपुर में एसडीएम के साथ धक्का मुक्की करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीत रोज भगवानपुर तहसील क्षेत्र के गांजा माजरा गांव के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया था कि उनके द्वारा श्मशान घाट की भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। ग्रामीण उपजिलाधिकारी के कार्यालय के समीप नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन पर बैठ गए थे। कुछ देर बाद उप जिलाधिकारी वैभव गुप्ता बैठक से लौटे तो ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को घेर लिया और प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भीड़ को शांत किया। मामले में एसडीएम के पेशकार विजयपाल की तहरीर पर पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ नामजद व 60 से 70 अज्ञात महिला पुरूषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जिनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके नाम प्रेमचंद पुत्र दयाराम, दीपक पुत्र बाबूराम और राजेश कुमार पुत्र जगदीश बताया जा रहा है।

# हरिद्वार में पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पंचायती राज विभाग द्वारा हरिद्वार में पंचायत चुनाव की अधि सूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के बाद अब ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव होना तय हो गया है।

**❑26 सितम्बर को मतदान व 28 सितम्बर को मतगणना होगी**

पंचायती राज विभाग द्वारा जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार 6 सितंबर को नामांकन की तारीख तय हो गई है। जबकि 9 सितंबर से 11 सितंबर के बीच नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 12 सितंबर को नामांकन वापसी की तिथि तय की गई है। 26 सितंबर को मतदान और 28 सितंबर को मतगणना घोषित कर दी जाएगी।

बता दें कि लंबे समय से हरिद्वार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नहीं हुए थे। पिछले 1 साल से प्रशासन को प्रशासक नियुक्त किया हुआ था।

## चौटाला और लालू की राह पर उत्तराखंडी...

बरकरार रखा गया था। ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सवाल यह है कि उत्तराखंड में भी अब तक हुई तमाम भर्तियों में धांधली की बात जगजाहिर हो चुकी है। जरूरत है तो बस इन भर्तियों की सीबीआई जांच कराने की अगर ऐसा संभव हुआ तो यह निश्चित है कि सूबे के कई नेता और अधिकारी भी ओम प्रकाश चौटाला और लालू की तरह जेल की सलाखों के पीछे होंगे। जिन्हें लोग उत्तराखंड का महात्मा गांधी और उत्तराखंड रत्न बताते रहे हैं। यूकेएसएससी की सभी भर्तियां जांच के दायरे में है। जिनमें अब गिरफ्तारियां हो रही हैं। वह अभी पिक्चर का ट्रेलर भर है छोटी मछलियों को फंसाया जा रहा है सवाल यह है कि उन सफेदपोशों व अधिकारियों की बारी कब आएगी जिन्होंने पद का दुरुपयोग किया। सबका विकास सबका साथ का नारा देकर अपना विकास व सबका विनाश किया।

# भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच को लेकर उक्रांद का धरना जारी

संवाददाता

देहरादून। प्रदेश में हुए भर्ती घोटालों की जांच सीबीआई से कराने को लेकर उत्तराखण्ड क्रांति दल का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा।



आज यहां उत्तराखण्ड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच को लेकर अनिश्चित कालीन धरने के तीसरे दिन जिलाध्यक्ष देहरादून दीपक रावत के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। युवा प्रकोष्ठ के निवर्तमान केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने महानगर प्रकोष्ठ का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार पर डाका डालने वालो के खिलाफ इस लड़ाई में प्रदेश की समस्त जनता को एकजुट होना पड़ेगा। देहरादून जिलाध्यक्ष दीपक रावत के नेतृत्व में समस्त महानगर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड क्रांति दल राज्य हित की लडाई में हमेशा मुखर होकर आगे आया है, भृष्टाचार की इस लडाइ को उक्रांद अंजाम तक पहुँचायेगा, युवा प्रकोष्ठ के राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि अभी तक जो 29 आरोपी पकड़े गए हैं, वे सभी अलग अलग स्थानों से है। धामी सरकार छोटी छोटी मछलियों को पकड़ कर जो अपनी पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है, यह राज्य के युवा एवम् मूल निवासियों का अपमान है, बड़े मगरमच्छो को सलाखों के पीछे पहुचाने के लिए इसकी सी बी आई जांच होनी चाहिए।

बिष्ट ने कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उनके समय में दरोगा भर्ती घोटाला एवम् विधानसभा में बैकडोर से हुए भर्ती घोटाले में भी पेपर लीक का मामला सामने आया था, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल द्वारा अपने परिवार के ही सगे संबंधियों को विधानसभा में बैक डोर के माध्यम से लगाया गया, उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल द्वारा अपने संबंधियों को विध नसभा मे नौकरी पर लगाया गया।

आज के कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला अध्यक्ष दीपक रावत, दीपक मडवाल, बृज मोहन सजवाण, उत्तम रावत, प्रताप कुंवर, अशोक नेगी, उतरा पंत बहुगुणा,किरन रावत कश्यप, पंकज उनियाल,प्रीति थपलियाल, सुनील ध्यानी, प्रमिला रावत, पंकज पोखरियाल, संयुक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम नेगी, राधा चौहान, नीलम, मुकेश कुंद्रा, श्याम रमोला, अंकेश भंडारी, विकास भट्ट, हिम्मत सिंह मेहर अनुराग पांडे कमलेश नौटियाल मनोज कांबोज सच्चिदानंद तिवारी रमेश चंद्र बडोनी उमेश रावत आजाद अली मोहम्मद मुस्ताक मोहन सिंह भंडारी पीएस चौहान प्रमिला चौहान शहजाद अली अनुराग पैन्यूली प्रभादेवी राधा चौहान नीलम रावत सचिन ललित टीकम राठौर राजेश्वरी रावत आदि उपस्थित थे।

## माउण्ट लिटरा जी स्कूल में आयोजित हुई फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता



नगर संवाददाता

देहरादून। माउण्ट लिटरा जी स्कूल मेहूंवाला में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देहरादून के लगभग 10 विद्यालयों के 50 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के आयोजन में जज की भूमिका में डी.पी.एस.जी. देहरादून की प्रधानाचार्य अरून्धति शुक्ला व दून डिफेंस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. संगीता भारद्वाज व डायरेक्टर सागर द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। नर्सरी क्लास प्रतियोगिता में प्रथम नायरा शर्मा एशियन स्कूल, द्वितीय जीविसा तोमर टचवुड स्कूल, तृतीय रिषिता सेमवाल डीएवी पब्लिक स्कूल व जूनियर केजी में प्रथम वैदिक राज एशियन स्कूल इशा दिक्षित माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, द्वितीय नवीरा टच वुड स्कूल, तृतीय आर्या बिष्ट डीएवी पब्लिक स्कूल तथा सीनियर केजी में प्रथम अधिरा सिंह एशियन स्कूल, द्वितीय एस. तनिष्का माउण्ट लिट्रा जी स्कूल व तृतीय अमृतांशु राज माउण्ट लिट्रा जी स्कूल रहे।

# भैरव सेना ने पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया




संवाददाता

देहरादून। पाकिस्तान में हिन्दू बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वालो के खुलेआम घुमने से आक्रोशित भैरव सेना ने गांधी पार्क पर प्रदर्शन कर पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन किया।

आज यहां भैरव सेना के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष रंजीत पाठक के नेतृत्व में पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में गांधी पार्क के मुख्य द्वार पर पहुंचे तथा आठ साल की बालिका के साथ दरिंदगी करने वालों को अब तक गिरफ्तार ना करने पर पाकिस्तान सरकार का उग्र नारेबाजी के साथ पुतला दहन किया। पुतला दहन के बाद भैरव सेना ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के संरक्षण का संज्ञान हेतु कड़े कदम उठाने के लिए ज्ञापन प्रेषित किया गया।

भैरव सेना अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दू समाज की 8 वर्षीय अबोध बालिका जो कि सिंधप्रांत के भील समुदाय की है, का सामूहिक दुष्कर्म किया। भैरव सेना जिला उपाध्यक्षा सरोज शाह ने कहा कि आठ साल की बालिका के साथ दरिंदगी करने वाले पाकिस्तान में अभी भी खुले घुम रहे हैं, क्योंकि मामला अल्पसंख्यक भील जाति के हिन्दू समाज का है। भैरव सेना विस्तारक जितेन्द्र सिंह नेगी के कथनानुसार पाकिस्तान में अल्प संख्यक हिन्दू समाज की दुर्दशा पर भारत सरकार को संज्ञान लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक, कूटनीति के तहत दबाव बनाया जाना चाहिए ताकि हिन्दूओं का संरक्षण हो सके।

पुतला दहन करने वालों में संजीव टांक, अजय नौटियाल, आशुतोष ढौंडियाल, चौधरी कप्तान सिंह, दीपक, राजकुमार, काजल सूद, पूनम मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।



## एक नजर


# पूर्व आईएएस की पत्नी व भाजपा नेत्री सीमा पात्रा गिरफ्तार

### ❑नौकरानी को पीटकर अपंग करने का है मामला

हमारे संवाददाता

रांची। नौकरानी को पीटकर अपंग किये जाने के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पूर्व आईएएस की पत्नी व भाजपा नेत्री सीमा पात्रा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि पीड़िता नौकरानी को बचाने के चलते भाजपा नेत्री द्वारा खुद के पुत्र को भी पागलखाने भेज दिया गया था।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग के एक अफसर की सूचना पर रांची पुलिस ने पीड़िता सुनीता को भाजपा नेत्री सीमा पात्रा के अशोकनगर स्थित आवास से मुक्त कराया था। जिस पर झारखण्ड के राज्यपाल रमेश बैंस ने संज्ञान लेते हुए मामले में पुलिस पुलिस महानिदेशक से दोषी के खिलाफ कार्यवाही की बात पूछी गयी थी। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए पूर्व आईएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी व भाजपा नेत्री सीमा पात्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिससे महिला से थाने में पूछताछ की जा ही है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में सीमा पात्रा के अलावा उसकी बेटी की गिरफ्तारी हो सकती है। वहीं पुलिस का कहना है कि सीमा पात्रा से पूछताछ के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।





इस मामले में पुलिस ने बीते रोज को पीड़िता का कोर्ट में 164 के तहत बयान दर्ज कराये थे। जिसके बाद पीड़िता को फिर से अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता गुमला की रहने वाली है। आठ साल पहले वह रांची में रहकर लोगों के घरों का काम करती थी। इसी बीच पीड़िता आरोपित सीमा पात्रा के घर काम मांगने पहुंची थी। जहां पीड़िता को काम तो मिल गया लेकिन उसे नहीं पता था कि वह इसके बाद इस घर से कभी बाहर नहीं निकल पाएगी। पुलिस को पीड़िता के घरवालों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि सीमा पात्रा के बेटे आयुष्मान ने उसे कई बार बचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। आयुष्मान उसे बचाने की कोशिश करता था इस वजह से सीमा ने अपने बेटे को ही पागल घोषित कर पागलखाने भिजवा दिया था।

बता दें कि पात्रा पर आरोप है कि उन्होने 29 साल की सुनीता से दरिंदगी की है। रांची के अशोक नगर स्थित घर में काम करने के बहाने उसे 8 साल से घर में कैद करके रखा था। पीड़िता ने बताया कि उसे भरपेट खाना नहीं दिया जाता था और रॉड से पीटा जाता था और गर्म तवे से जलाया जाता था। अगर वह घर के कमरे में शौच के लिए चली जाती तो उससे मुंह से शौच साफ कराया जाता था। फिलहाल उसे कैद से छुड़ाकर रांची रिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव प्रक्रिया पर मनीष तिवारी ने उठाया सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से जुड़ी निर्वाचकों (डिलीगेट) की सूची सार्वजनिक नहीं किए जाने को लेकर सवाल खड़े करते हुए बुधवार को कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए जरूरी है कि यह सूची पार्टी की वेबसाइट पर डाली जाए। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री के इस बयान पर आपत्ति जताई कि निर्वाचन सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी और जो चुनाव लड़ेंगे, उन्हें यह मुहैया करा दी जाएगी।



इस मामले में मनीष तिवारी ने ट्वीट कर कहा, मधुसूदन मिस्त्री जी से पूरे सम्मान से पूछना चाहता हूं कि निर्वाचन सूची के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हुए बिना निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कैसे हो सकता है? निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव का आधार यही है कि निर्वाचकों के नाम और पते कांग्रेस पार्टी की वेबसाइट पर पारदर्शी तरीके से प्रकाशित होने चाहिए। तिवारी ने आगे, यह 28 प्रदेश कांग्रेस कमेटी और आठ क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी का चुनाव नहीं है। कोई क्यों पीसीसी के कार्यालय जाकर पता करे कि निर्वाचक कौन हैं? सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ऐसा क्लब के चुनाव में भी नहीं होता।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में नकल माफिया का गुर्गा गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश के नकल माफिया के गुर्गे फिरोज हैदर को गोवा से गिरफ्तार किया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने अपनी जांच करते हुए शूरवीर सिंह चौहान, कुलवीर सिंह स्वामी डेल्टा कोचिंग सेन्टर करनपुर, मनोज जोशी पीआडी पूर्व कर्मचारी यूकेएसएसएससी रायपुर, गौरव नेगी, जयजीत दास प्रोग्रामर, प्रिटिंग प्रेस लखनऊ, मनोश जोशी कनिष्ठ सहायक सितारगंज न्यायालय, अभिषेक वर्मा कर्मचारी प्रिन्टिंग प्रेस लखनऊ, दीपक चौहान मेडिकल यूनिवर्सिटी हेमवती नंदन बहुगुणा सेलाकुई में संविद कर्मी, भावेश जगूड़ी मेडिकल यूनिवर्सिटी सेलाकुई संविद कर्मी, दीपक शर्मा, अमरीश कुमार उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी ऊधमसिंह




नगर, महेन्द्र चौहान कनिष्ठ सहायक नैनीताल न्यायालय, हिमांशु काण्डपाल कनिष्ठ सहायक रामनगर न्यायालय, तुषार चौहान व गौरव चौहान अपर निजी सचिव सचिवालय,अपर निजी सचिव सूर्यप्रताप, तनुज शर्मा राजकीय इंटरमीडिएट कालेज के टीचर, जिला पंचायल सदस्य हाकम सिंह, अंकित रमोला, जेई ललित राज शर्मा, एनजीओ संचालक चंदन सिंह रमोला, जगदीश गोस्वामी, रिटायर्ड एईओ दिनेश चंद्र जोशी, धामपुर निवासी केन्द्रपाल, प्रेस मालिक राजेश चौहान, प्रेस कर्मचारी प्रदीप पाल, रिजॉर्ट मालिक शशिकांत, प्रेस कर्मचारी विपिन बिहारी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बेसिक शिक्षक बलवंत सिंह रौतेला को अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया है। पकडे गये सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने माफिया और सौदागर के बीच की एक और कड़ी जोडते हुए साक्ष्यों पर एसटीएफ की एक टीम को संदिग्ध की जानकारी के लिए गोवा भेजा गया था जहा पर फिरोज हैदर को नॉर्थ गोवा के पणजी से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी फिरोज हैदर लखनऊ के माफिया गिरोह का सदस्य था जो परीक्षा के प्रश्न पत्र लेकर अन्य के साथ हल्द्वानी आया और शशिकांत को उपलब्ध कराया गया था। गहन पूछताछ और साक्ष्यो से आरोपी का धामपुर जाना और वहा के नकल माफिया केंद्रपाल से संपर्क में होने की भी पुष्टि हुई है। एसटीएफ ने इस मामले में अभी तक 30 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# एक और मुन्ना भाई गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में फर्जी कंेडीडेट बनकर प्रवेश करने वाले एक मुन्ना भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज अनुराग पुत्र शैलेन्द्र कुमार निवासी अंकित विहार थाना नई मण्डी जनपद मुज्फरनगर हाल (वैन्यू हैड) आईडी जैड (आरसीपी कॉलेज) किशनपुर भगवानपुर द्वारा मय हमराही ने थाना भगवानपुर में तहरीर द`कर बताया गया कि रोहित कुमार द्वारा फ~जी' कंेडीडेट बनकर आकाश कुमार के बजाय रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में प्रवेश किया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। क्योंकि आरोपी रोहित को रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा करवाने वाले लोगों द्वारा ही पकड़ा गया था और थाने लाया गया था। इसलिए थाने में मौजूद हेड कांस्टेबल युवराज सिंह द्वारा आरोपी रोहित कुमार पुत्र मामराज सिंह निवासी ग्राम फलनपुर बिजनौर को थाने की सुपुर्दगी में लेकर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### ❑फर्जी कंेडीडेट बनकर रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में प्रवेश कर चुका था आरोपी

# यूटिलिटी खड्ड में गिरने से आठ लोग घायल

संवाददाता

देहरादून। यूटिलिटी खड्ड में गिरने से उसमें सवार आठ लोग घायल हो गये जिनको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर तीन लोगों की हालत चिन्ताजनक बतायी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज कालसी थाना पुलिस को फोन से सूचना मिली एक यूटिलिटी गाड़ी जुड्डो रोड पर थैना रोड खड्ड पर अनियंत्रित होकर एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष कालसी पुलिस बल के रेस्क्यू उपकरण के साथ मौके पर रवाना हुए और इसकी जानकारी उच्चाधि कारियो व आपदा कंट्रोल तथा एसडीआरएफ व 108 को भी दी गई। मौके पर पहुंचकर घायलों का ग्रामीणों के साथ मिलकर रेस्क्यू कर तत्काल घायलों को प्राइवेट वाहन के माध्यम से पीएचसी कालसी भेजवाया गया, दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी यूटिलिटी जिसको चालक सिक्कू दास पुत्र बेल्मू निवासी ग्राम ध नाशू थाना कालसी, चला रहा था, जो की मौके पर मौजूद था। पूछताछ पर उसने बताया कि आज अपनी यूटिलिटी गाड़ी से लखवाड़ से विकासनगर बाजार आ रहे थे गाड़ी में 10 लोग सवार थे, जब बोसान बैंड से करीब 3 किमी पहले लखवाड की तरफ रोंडा बैंड नाला पर गाड़ी की ब्रेक फेल होने के कारण साइड लगाने पर गाड़ी नाले में गिर गई, गाड़ी में सबार 8 लोगो को चोटे आई 3 व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई है, घायलों का उपचार चल रहा है। घायलों में सरदार सिंह चौहान पुत्र दलीप सिंह चौहान निवासी लाइन जीवन गढ़, दीपिका पुत्री रिंकू दास निवासी लखवाड़ थाना कालसी, मनीषा पुत्री दौलतराम नि0 कटापत्थर विकासनगर, खुशी पुत्री भूपेंद्र सिंह निवासी धर्मावाला थाना सहसपुर, विजमा देवी पत्नी बाहदुर निवासी लखवाड़ थाना कालसी, गीता देवी पत्नी मंटू वर्मा निवासी



कालसी गेट थाना कालसी, निर्मल देवी पत्नी बाबूलाल निवासी ग्राम पपड़ियां बड़वाला थाना विकासनगर, बाला पत्नी गजराज निवासी वैनीपुर धामपुर थाना ध ामपुर जिला बिजनौर है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही हैं बाद जांच आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*